**Patrika (Indore), 18th March 2020, Page-13**

### आइआइटी इंदौर और डीएवीवी के बीच हुआ एमओयू

# आइआइटी प्रयोगशाला और अनुसंधान में पार्टिसिपेट कर सकेंगे डीएवीवी स्टूडेंट्स

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



इंदौर ◆ आईआईटी इंदौर ने देवी अहिल्या विश्व विद्यालय के साथ सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू 5 साल की अवधि के लिए वैध होगा। ज्ञापन के अनुसार आईआईटी इंदौर अपनी विश्व स्तरीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान सुविधाओं को डीएवीवी के लिए देगा। दोनों संस्थान मूल्य वर्धित अध्ययन, शिक्षण और अग्रिम अनुसंधान के प्रयोजनों के लिए संकाय और छात्रों के बीच बातचीत और सहयोग की दिशा में काम करेंगे। समझौता ज्ञापन में संस्थानों द्वारा परस्पर सहयोग के किसी अन्य क्षेत्र को जोड़ने का भी प्रावधान है। इस एमओयू को शोध कार्य में वृद्धि और मूल्य वर्धित शिक्षण और सीखने के लिए इंदौर को केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर नीलेश कुमार जैन ने कहा कि मैं दोनों संस्थानों को एक साथ हाथ मिलाने के लिए बधाई देता हूं और दोनों संस्थानों की ताकत एक साथ आने से शोध कार्य को गति मिलेगी। नीलेश कुमार जैन और डीएवीवी कुलपति डॉ. रेणु जैन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।